कार्यालय प्राचार्य
संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुरूद,
जिला– धमतरी (छ.ग.)
**Website: www.govtcollegekurud.in**
दूरभाष– 07705–296375, ई–मेलः pgcollegekurud@gmail.com
*NAAC Accredited- B*

दिनांक– 12.09.2024

# ।।सूचना।।

## <u>RBI QUIZ प्रतियोगिता</u>

महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त नियमित छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा राष्ट्रव्यापी Quiz प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 25 वर्ष तक के सभी अंडरग्रेजुएट (स्नातक) विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। छात्र–छात्राऍ प्रतियोगिता में भाग लेनें हेतु वेबसाईट– **www.rbi.org.in** में दो सदस्यों की एक टीम के रूप में अपना रजिस्ट्रेशन कर सकतें है। प्रतियोगिता में जीतने वाले प्रतिभागी को नेशनल फाइनल पहला इनाम– 1000000/–रू. दूसरा इनाम– 800000/– रू. तीसरा इनाम– 600000/– रू. दिया जावेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी वेबसाइट में अपना रजिस्ट्रेशन करा लेवें एवं अधिक जानकारी हेतु महाविद्यालय के सूचना पटल एवं महाविद्यालय के वेबसाईट का अवलोकन करें।

**राज्य स्तरीय क्विज प्रतियोगिता की तिथि–**
19.09.2024 से 21.09.2024 (प्रातः 09 बजे से रात्रि 09 बजे तक)

**पंजीयन हेतु RBI द्वारा जारी ऑनलाईन लिंक– rbi90quiz.in**

(अमित टण्डन)
नोडल अधिकारी

(डॉ. डी.के.राठौर)
PRINCIPAL
S.G.G. Govt. P. G. College
Kurud, Distt. Dhamtari (C.G.)

# Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur
# Dean, Students' Welfare Office

Date: 10/09/2024

To

All Heads of Departments,
Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur,
&
Principles, Affiliated Colleges
Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur,

Subject: Circulation of RBI Quiz 2024 Posters and Leaflets

Dear Sir/ Madam

I hope this message finds you in good health and spirits. As the Dean of Student Welfare, I am pleased to share with you the enclosed posters and leaflets regarding the upcoming **RBI Quiz 2024**, a prestigious event organized to enhance financial literacy and encourage student participation in quiz competitions on a national level.

I kindly request you to display the attached posters in prominent locations within your department and to circulate the leaflets among students. This event is an excellent opportunity for our students to showcase their knowledge and gain exposure in the field of banking and finance.

Your support in promoting this quiz within your department will significantly contribute to increased participation from our university.

Thank you for your cooperation. Should you have any queries or need additional copies of the materials, please feel free to contact my office.

Best regards,

**Dean, Students' Welfare**
Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur
Email: dswprsu@gmail.com

# RBI 90 Quiz

सीखो। खेलो। जीतो

## सभी अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों के लिए

यही मौका है अपने सामान्य ज्ञान को बेहतरीन छात्रों के साथ परखने और बड़े ईनाम जीतने का!
क्विज़ में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए आरबीआई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लें!

अधिक जानकारी और रजिस्टर करने के लिए, यह क्यूआर कोड स्कैन करें।

## जीतने के 4 चरण

**1 ऑनलाइन राउंड**
यही मौका है अपनी चमक बिखेरने का! अपने लैपटॉप या स्मार्टफोन की मदद से अपने टीममेट के साथ घर या क्लासरूम से ऑनलाइन क्विज़ खेलें।

**2 स्टेट राउंड**
ऑनलाइन राउंड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी राज्य स्तर पर आमने-सामने क्विज़ खेलेंगे।

**3 ज़ोनल राउंड**
स्टेट राउंड में जीत कर ज़ोन में अन्य राज्यों की बेहतरीन टीमों का सामना करें।

**4 फाइनल राउंड**
अपनी प्रतिभा दिखाएँ और नेशनल फाइनल राउंड में पहला स्थान पाने के लिए मुकाबला करें।

राउंड 2, 3 और 4 के लिए प्रतिभागियों के आने-जाने और ठहरने का खर्च आरबीआई द्वारा उठाया जाएगा।

**कौन हिस्सा ले सकता है?**
इस क्विज़ में 25 वर्ष तक के सभी अंडरग्रेजुएट विद्यार्थी भाग ले सकते है, जो वर्तमान में भारत के किसी मान्य कॉलेज/यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे हों।




**नेशनल फाइनल**
- पहला ईनाम ₹10,00,000
- दूसरा ईनाम ₹8,00,000
- तीसरा ईनाम ₹6,00,000

क्रमशः सर्वश्रेष्ठ 3 टीमों के लिए!

- रजिस्ट्रेशन अगस्त 2024 में शुरू होगा।
- 2 सदस्यों की टीम के रूप में रजिस्टर करें।
- प्रत्येक प्रतिभागी सिर्फ एक टीम में शामिल हो सकता है।

## मुख्य बिंदू

कॉलेजों में से सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों को स्कोर और क्विज़ को पूरा करने में लिए गए समय के आधार पर चुना जाएगा। आरबीआई का फैसला अंतिम होगा।

अधिक जानकारी और रजिस्टर करने के लिए, यह क्यूआर कोड स्कैन करें।

***क्या आप अपना क्विज़ का हुनर दिखाने और बड़ा ईनाम जीतने के लिए तैयार हैं?***






भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

# RBI 90 Quiz

सीखो। खेलो। जीतो

## सभी अंडरग्रेजुएट विद्यार्थियों के लिए

यही मौका है अपने सामान्य ज्ञान को बेहतरीन छात्रों के साथ परखने और बड़े ईनाम जीतने का! क्विज़ में रुचि रखने वाले छात्रों के लिए आरबीआई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लें!

## जीतने के 4 चरण

**1 ऑनलाइन राउंड**

यही मौक़ा है अपनी चमक बिखेरने का! अपने लैपटॉप या स्मार्टफोन की मदद से अपने टीममेट के साथ घर या क्लासरूम से ऑनलाइन क्विज़ खेलें।

**2 स्टेट राउंड**

ऑनलाइन राउंड में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी राज्य स्तर पर आमने-सामने क्विज़ खेलेंगे।

**3 ज़ोनल राउंड**

स्टेट राउंड में जीत कर ज़ोन में अन्य राज्यों की बेहतरीन टीमों का सामना करें।

**4 फाइनल राउंड**

अपनी प्रतिभा दिखाएँ और नेशनल फाइनल राउंड में पहला स्थान पाने के लिए मुकाबला करें।

राउंड 2, 3 और 4 के लिए प्रतिभागियों के आने-जाने और ठहरने का खर्च आरबीआई द्वारा उठाया जाएगा।

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## Why should you participate?





**Who Can Participate?**

The quiz is open to all undergraduate students upto the age of 25 years and currently enrolled in any recognized college/university in India.

- Registrations start in August 2024.
- Register as a team of 2 members
- Each participant can join only one team.

For more details and to register, scan this QR Code.

## Online Quiz - The Game Plan




## Points to remember

- **Two members per team:**
  Each participant can join only one team.
- **Accepting the Challenge?**
  By participating, you agree to the terms and conditions.
- **Organizers' Call is Final:**
  All decisions by RBI regarding the quiz are final.

For more details and to register, scan this QR Code.

# कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय

ब्लॉक–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)

(फोन – 0771–2636413 फैक्स – 0771–2263412)

*(Email - highereducation.cg@gmail.com* *Website - www.highereducation.cg.gov.in)*


क्रमांक 673 / 296 / आउशि / सम. / 2024 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 12/ 09 / 2024

प्रति,

1. कुलसचिव
   समस्त राजकीय/ निजी विश्वविद्यालय
   छत्तीसगढ़
2. प्राचार्य
   समस्त शासकीय/निजी महाविद्यालय
   छत्तीसगढ़

विषय - भारतीय रिजर्व बैंक व्दारा स्नातक पूर्व विद्यार्थियों के लिये आयोजित **राष्ट्रव्यापी क्विज प्रतियोगिता** में भाग लेकर राज्य के विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु दिशानिर्देश के संबंध में ।

संदर्भ - 1. कार्यालय, आयुक्त का पत्र क्र. 603/296/आउशि/सम. /2024 दिनांक 16.08.2024

2. भारतीय रिज़र्व बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय के पत्र वि.स.वि.वि./S-61/ 01.02.004/2024-25 दिनांक21.08.2024,वि.स.वि.वि./S-74/01.02.004/2024-25 दिनांक04.09.2024, वि.स.वि.वि./S-74/01.02.004/2024-25 दिनांक 05.09.2024 ।

-----00-----

उपर्युक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र क्र. 1 के माध्यम से भारतीय रिज़र्व बैंक की 90वीं वर्षगांठ के तहत् राज्य के उच्च शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत स्नातक विद्यार्थियों के लिये आयोजित राष्ट्रीय क्विज़ प्रतियोगिता में सभी उच्च शिक्षा संस्थानों के अध्ययनरत विद्यार्थियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु संक्षिप्त निर्देश दिये गये थे ।

संदर्भित पत्र क्र. 2 के माध्यम से प्रतियोगिता में शामिल होने हेतु वेब/ऐप लिंक, नामांकन की अंतिम तिथि, आनलाईन परीक्षा, प्रतियोगिता के विभिन्न चरण, भिन्न भिन्न चरणों में देय पुरस्कार राशि, पंजीयन करने संबंधी प्रक्रिया संबंधी जानकारी प्राप्त हुई है । संदर्भित पत्रों के आधार पर विद्यार्थियों की अधितकतम भागीदारी हेतु (अ) संस्थ प्रमुख के लिए एवं (ब) विद्यार्थियों के नामांकन करने के लिए बिन्दुवार दिशानिर्देश तैयार कर संलग्न प्रेषित है जिससे नामांकन करने में सुविधा होगी ।

समस्त संस्था प्रमुख से अपेक्षा की जाती है कि अपने संस्थानों में अध्ययनरत् स्नातक विद्यार्थियों को व्हाट्सअप ग्रुप के माध्यम से एवं सूचना पटल पर स्थान देकर समुचित प्रचार-प्रसार करते हुए संस्था में प्रवेश प्राप्त कुल विद्यार्थियों की संख्या में से न्यूनतम 10 प्रतिशत विद्यार्थियों को इस **राष्ट्रव्यापी क्विज प्रतियोगिता "RBI90Quiz"** में शामिल करने प्रेरित करें ।

**आनलाइन बैठक -**

इस हेतु दिनांक ~~11.09.2024~~/12.09.2024 को दोपहर 3.00 बजे आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में भारतीय रिज़र्व बैंक के अधिकारियों व्दारा समस्त संस्थानों के कार्यालय प्रमुख/नोडल अधिकारियों की आनलाईन बैठक आयोजित कर नामांकन सबंधी सभी जानकारी दी जायेगा । जिसका लिंक पृथक से उपलब्ध कराया जायेगा ।

**(आयुक्त उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)**

संलग्न - (1) संस्था प्रमुख एवं विद्यार्थियों हेतु दिशानिर्देश ।

(2) भारतीय रिज़र्व बैंक से प्राप्त समस्त पत्र/ प्रचार प्रसार सामग्री /नामांकन कैसै करें सबंधी प्रक्रिया की पीपीटी एवं विड़ियो ।

12.9.2024

अपर संचालक

उच्च शिक्षा संचालनालय

इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

पृ.क्रमांक 674/296/आउशि/सम./2024 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 12/09/2024

प्रतिलिपिः–

1. समस्त क्षेत्रीय अपर संचालक उच्च शिक्षा संचालनालय क्षेत्रीय कार्यालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
2. प्राचार्य, समस्त शासकीय अग्रणी महाविद्यालय छ.ग. को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

12.9.2024

अपर संचालक

उच्च शिक्षा संचालनालय

इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर

## (अ) संस्था प्रमुख हेतु दिशा–निर्देश

1. संस्था स्तर पर सक्षम शिक्षक को नोडल अधिकारी नियुक्त कर इस प्रतियोगिता संबंधी समस्त कार्यों का निर्वहन कर अधिकतम विद्यार्थियों के नामांकन हेतु निर्देशित करें।
2. संस्था के नामांकित/नामांकन के इच्छुक विद्यार्थियों हेतु 21 सितंबर 2024 तक निम्नानुसार विषय विशेषज्ञों की विशेष नियुक्त मार्गदर्शन (सामान्य ज्ञान/अर्थशास्त्र/इतिहास/वाणिज्य) कक्षाओं की व्यवस्था करें। (अवकाश के दिनों को छोड़कर)

**दिनांक 12.09.2024 से 21.09.2024 (समय 4–5 बजे अंतिम कालखंड)**

| | |
|---|---|
| 12.09.2024 एवं 13 .09.2024 | इतिहास |
| 14.09.2024. एवं 16.09.2024 | अर्थशास्त्र |
| 18.09.2024 एवं 19.09.2024 | वाणिज्य एवं भारतीय रिजर्व बैंक से संबंधित प्रश्नोत्तर |
| 20.09.2024 एवं 21.09.2024 | सामान्य ज्ञान/करेन्ट अफेयर |

3. संस्था के समस्त शिक्षकों के माध्यम से उनकी कक्षाओं के WHATSAPP LEMMP में विद्यार्थियों हेतु दिशा निर्देश एवं RBI द्वारा प्रेषित सामग्री (PDF/PPT/VIDEOS) उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित करें।
4. नोडल अधिकारी नामांकित विद्यार्थियों की अनुमानित संख्या की जानकारी दिनांक 22.09.2024 तक संस्था प्रमुख को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## (ब) विद्यार्थियों के नामांकन हेतु दिशा–निर्देश एवं प्रतियोगिता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी

1. पात्रता :– :–स्नातक पाठ्यक्रम में अध्ययनरत विद्यार्थी जिनकी आयु 1 सितंबर 2024 की स्थिति मे 25 वर्ष से कम है, इस राष्ट्रीय क्विज प्रतियोगिता हेतु पात्र है।
2. पंजीयन शुल्क :– प्रतियोगिता निःशुल्क है।
3. पंजीयन की अंतिम तिथि :–16 सितंबर 2024 रात्रि 9 बजे तक,
4. पंजीयन हेतु लिंक :– **rbi90quiz.in ( इस लिंक के माध्यम से वेब पेज / ऐप की सहायता के पंजीयन करें)**
5. पंजीयन हेतु अनिवार्यता :–
    1. एक ही संस्था के दो विद्यार्थियों की टीम का पंजीयन करना अनिवार्य है ।एक संस्था से पंजीकृत टीम की संख्या की न्यूनतम सीमा निर्धारित नही है।
    2. पंजीयन के समय नाम, लिंग, जन्मतिथि, ईमेल आईडी मोबाइल नम्बर एवं विद्यार्थी की आई.डी. क्रमांक की आवश्यकता होगी।
    3. जिन संस्था के विद्यार्थियों के ID क्रमांक नहीं है वे अपने किसी प्रमाणपत्र (वि. वि. का नामांकन अंकसूची क्रमांक इत्यादि) का क्रमांक अंकित करें ।
    4. आनलाइन क्विज में भाग लेने की पात्रता तभी प्राप्त होगी जब टीम के दोनों सदस्य अपने डिटेल्स प्रस्तुत करने के बाद अपने ईमेल पर प्राप्त वेरिफिकेशन लिंक पर क्लिक करके अपने ईमेल आईडी का वेरिफिकेशन पूर्ण कर लेंगे।
    5. दृष्टिबाधित उम्मीदवार दिये गये बॉक्स में अपनी श्रेणी दर्शा सकते है 1
6. **पंजीयन को बदलना अथवा रद्द करना** – यदि आप अपने संपर्क विवरण अथवा टीम मेंबर के नाम को बदलना चाहते है तो आपको वर्तमान पंजीकरण रद्द कर नया पंजीयन करना होगा। उसकी अंतिम तिथि 16 सितंबर, 2024 (रात्रि 9 बजे तक) ही रहेगी।

7. **आपका महाविधालय ड्राफ्डाउन सूची में नहीं है तो कैसे शामिल करें** –यदि आपका महाविद्यालय का नाम ड्रॉपडाउन सूची में नहीं है तब आपके महाविद्यालय का विवरण वेब लिंक / ऐप के college tab/contact us form/ Livechat/helpline के माध्यम से उपलब्ध करा सकते है। सत्यापन के उपरांत आपको सूचना प्राप्त होगी। सत्यापन न होने की स्थिति/अपूर्ण जानकारी की स्थिति में महाविद्यालय का नामांकन अस्वीकृत करने का अधिकार भारतीय रिजर्व बैक को प्राप्त है।

8. **राज्य स्तरीय क्विज की तिथि –**
   **19/09/2024 से 21/9/2024 ( सुबह 9.00 बजे से रात्रि 9.00 बजे तक)**

9. **राज्य स्तरीय क्विज में शामिल कैसे होना है –**
    1. क्विज तिथि पर लिंक के माध्यम से User id एवं passwond की सहायता लॉगइन करें।
    2. ऑनलाईन क्विज में सामान्य ज्ञान (करंट अफेयर, इतिहास, साहित्य, खेल, फाइनेंस, अर्थशास्त्र इत्यादि) एवं भारतीय रिज़र्व बैंक से संबंधित 36 MCQ (बहु–वैकल्पिक प्रश्न) पूछे जायेंगे।
    3. प्रतिभागियों को 15 मिनट में प्रतियोगिता पूर्ण करनी होगी। प्रत्येक प्रश्न 25 सेकंड में पूर्ण करने होंगे।
    4. दृष्टिबाधित प्रतिभागियों के लिये 25 सेकन्ड अतिरिक्त दिये जायेंगें। उन्हें 30 मिनट में प्रतियोगिता पूर्ण करनी होगी।
    5. प्रतियोगिता हेतु स्मार्टफोन/टैबलेट/लैपटॉप/डेस्कटॉप कम्प्यूटर इत्यादि किसी भी इलेक्ट्रिानिक्स उपकरण उपयोग किया जा सकता हैं।

**10. तकनीकी सहायता –**

1. किसी प्रकार की तकनीकी सहायता हेतु भारतीय रिजर्व बैंक की सहायता टीम से मो. नं. 9769764157. के माध्यम के संपर्क करें।
2. सभी टीम powerful/stable internet connection एवं proper network area में क्विज में शामिल हो।
3. अपरिहार्य स्थिति में प्रश्नोत्तरी प्रयास के समय व्यवधान होने पर बैंक क सहायक टीम से मो. नं. 9764764157 से संपर्क कर समाधान प्राप्त करें।

**11. क्वीज हेतु अभ्यास–**

क्वीज की तैयारी हेतु प्रश्न–पत्र (Practice Paper) वेबसाइट / ऐप में उपलब्ध है।

**12. चयन प्रक्रिया –(प्रथम चरण)**

1. प्रथम चरण में हिन्दी / अंग्रेजी में ऑनलाईन क्विज का आयोजन(एलीमिनेशन राउण्ड)
2. राज्य स्तर पर उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाली 90 टीम को द्वितीय चरण हेतु चुना जायेगा ।
3. क्विज पूर्ण होने के उपरांत कुल 90 टीम का चयन आगामी चरण हेतु किया जायेगा। इन 90 टीम की प्रत्यक्ष प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित करने प्रथम, द्वितीय , तृतीय स्थान प्राप्त टीम को क्रमशः रू 2 लाख, 1.5 लाख एवं 1.00 लाख की राशि से पुरुस्कृत किया जायेगा।

**13.चयन प्रक्रिया द्वितीय चरण जोन स्तरीय) –**

1. जोन स्तरीय प्रतियोगिता के तृतीय चरण मुंबई में प्रत्यक्ष प्रतियोगिता के माध्यम से आयोजित होगा जिसकी सूचलर राज्य की प्रथम पुरस्कार प्राप्त टीम को पृथक से दी जायेगी। इसमें विभिन्न राज्यों की प्रथम स्थान प्राप्त कुल 6 टीम शामिल होगी ।
2. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आय प्राप्त जोन स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम को क्रमशः 5 लाख, 4 लाख 3 लाख की राशि से पुरस्कृत किया जायेगा ।

**14.चयन प्रक्रिया (चतुर्थ चरण) –**

1. राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता के चतुर्थ चरण का आयोजन नई दिल्ली में प्रत्यक्ष प्रतियोगिता के माध्यम से किया जायेगा जिसकी सूचना प्रत्येक जोन की प्रथम पुरस्कार प्राप्त टीम को दी जायेगी । इसमें विभिन्न जोन के प्रथम स्थान प्राप्त कुल 6 टीम शामिल होगी ।
2. राष्ट्र स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त टीम को क्रमशः 10 लाख 8 लाख 6 लाख की राशि से पुरष्कृत किया जायेगा ।

**15.प्रमाण पत्र –** (भारतीय रिजर्व बैंक के प्राप्त पत्रों के आधार पर) सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र जारी किये जायेंगे।